# यूपी के सोलर मॉडल से सीख रहे अन्य राज्य

लखनऊ। प्रदेश ने सौर ऊर्जा मॉडल को दूसरे राज्य भी अपना रहे हैं। यहां के सोलर विशेषज्ञ बिहार और असम में जाकर योजना के क्रियान्वयन का तरीका सिखा रहे हैं।

उत्तर प्रदेश नवीन एवं अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) के निदेशक इंद्रजीत सिंह ने बताया कि बिहार और असम जैसे राज्यों को यूपी के सोलर मॉडल पर प्रशिक्षण एवं प्रस्तुतीकरण भी दिया गया है। कई अन्य राज्यों ने भी यूपी के सोलर मॉडल का अध्ययन करने की इच्छा जाहिर की है। प्रदेश में रूफटॉप सोलर संयंत्र के अब तक 10,43,102 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 3,34,084 घरों पर संयंत्र स्थापित हो चुके हैं। कुल

## बिहार और असम में जाकर जानकारी दे रहे प्रदेश के सोलर विशेषज्ञ

1,148.56 मेगावॉट की सोलर क्षमता विकसित की गई है।

केंद्र सरकार द्वारा 2,285.46 करोड़ रुपये सब्सिडी और राज्य सरकार द्वारा लगभग 600 करोड़ रुपये अतिरिक्त सब्सिडी सीधे लाभार्थियों के खातों में डीबीटी के माध्यम से प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि दिसंबर 2025 में 31,165 रूफटॉप सोलर संयंत्र लगाए गए, जिससे यूपी ने देश में दूसरा स्थान हासिल किया। एक ही दिन में 1,868 इंस्टॉलेशन कर प्रदेश ने विश्व रिकॉर्ड बनाया। ब्यूरो